AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : आज जारी होंगे प्रवेश पत्र

लखनऊ। लविवि में स्नातक प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र शुक्रवार को जारी किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विवि के तीसरे और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हो रही हैं। विवि की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। (संवाद)

पांच व छह मार्च को पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं

लखनऊ। लविवि में पीएचडी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 5 व 6 मार्च को प्रस्तावित हैं। 28 फरवरी से विद्यार्थी परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर पाएंगे। विवि के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने बृहस्पतिवार को वेबसाइट पर प्रस्तावित परीक्षा की तिथियां जारी कर दीं। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह साढ़े दस बजे से 12 बजे तक और दूसरी दो बजे से साढ़े तीन बजे तक चलेगी। (संवाद)

वीसी केयर फंड में दिए दस हजार रुपये

लखनऊ। हिंदी वांग्मय निधि ने बृहस्पतिवार को लखनऊ विवि वीसी केयर फंड में दस हजार रुपये का सहयोग दिया। यह सहयोग राशि प्रो. शैलनाथ चतुर्वेदी के पुत्र अरविंद चतुर्वेदी ने कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय को चेक से सौंपी। उन्होंने कुलपति को शैलनाथ चतुर्वेदी की स्मृति में विमोचित पुस्तक सारस्वत परंपरा के संवाहक भी भेंट की। (संवाद)

लविवि : दो पर्यवेक्षक नियुक्त

लखनऊ। नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शासन की ओर से लविवि में दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। ये पर्यवेक्षक परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के क्रम में नियुक्त किए गए इन पर्यवेक्षकों में भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार व राजकीय महाविद्यालय बांगरमऊ के डॉ. विष्णु मिश्र शामिल हैं। दो नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। इनमें डॉ. कृष्ण चंद्र वर्मा, उच्च शिक्षा निदेशालय व डॉ सुनंदा चतुर्वेदी शामिल हैं। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

39 विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 6672 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, दो पालियों में होगी प्रवेश परीक्षा

पीएचडी प्रवेश परीक्षा पांच और छह मार्च को

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी (रेगुलर) सत्र 2022-23 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। पांच और छह मार्च को पीएचडी प्रवेश परीक्षा होगी। जिसमें 39 विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 6672 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10:30 से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक होगी। प्रश्न पत्र हल करने के लिए अभ्यर्थियों को ढाई घंटे का समय मिलेगा।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 28 फरवरी के बाद अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के पहले दिन पांच मार्च को पहली पाली में हिन्दी, परशियन, उर्दू, बायोकेमेस्ट्री, इंग्लिश, बिजनेस एडमिस्ट्रेशन, एन्थ्रोपॉलिजी, होम साइंस और वेस्टर्न हिस्ट्री की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में स्टैटिक्स, भूगोल, पॉलिटिकल साइंस, लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस, फीजिक्स, सोशियोलॉजी, जूलॉजी, संस्कृत, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर की होगी। वहीं छह मार्च को पहली पाली में एजुकेशन, एआईएच, ओरियेंटल संस्कृत, फ्रेंच, लॉ, जियोलॉजी, लिंगविस्टिक्स, इकोनॉमिक्स, फाइन आर्ट (पेंटिंग) और दूसरी पाली में कामर्स, फिलॉसफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलॉजी, बॉटनी, मिडविल एंड मार्डन हिस्ट्री, केमेस्ट्री, पब्लिक एडमिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स और फीजिकल एजुकेशन की परीक्षा होगी।

बीकॉम-बीए की परीक्षा शुरू: लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा के अन्तर्गत गुरुवार से अन्य पाठ्यक्रमों के साथ ही बीए और बीकॉम पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हो गई। बीए में पहले दिन सुबह की पाली में परीक्षार्थियों ने फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू और संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र हल किया। वहीं बीकॉम में सुबह की पाली में लेबर वेलफेयर लॉ विषय का प्रश्न परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय में हल किया।



75 हजार 358 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे गुरुवार को परीक्षा में

परिचर्चा: असफलताओं से हमेशा सीखना चाहिए

लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन पर समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर सामूहिक परिचर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना पर प्रकाश डाला। डॉ अनुपमा ने असफलताओं से सीखने को कहा।

संगोष्ठी: साहित्य और अध्यात्म सगी बहनें

एलयू हिन्दी तथा भारतीय भाषा विभाग और हैप्पी थिंकिंग लैब की ओर से स्वास्थ्य एवं आनन्द विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के उत्तर प्रदेश के समन्वयक अनुराग सिंह ने जीवन जीने की पद्धति पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य और अध्यात्म सगी बहनें हैं।

हिन्दी वांग्मय निधि से वीसी फंड में योगदान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी वांग्मय निधि ने प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी की स्मृति में एक पुस्तक सारस्वत परंपरा के संवाहक प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी का विमोचन किया गया। स्वर्गीय प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी के पुत्र आईपीएस डा अरविन्द चतुर्वेदी ने एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय पुस्तक भेंट की और वीसी केयर फंड में दस हजार रुपए का योगदान दिया। प्रो. आलोक ने वीसी केयर फंड के गठन का मकसद सभी को बताया।

यूनिवर्सिटी की छह विकेट से उम्दा जीत

लखनऊ। कुरुक्षेत्र यूनीवर्सिटी में नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना को छह विकेट से हरा दिया।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा पांच व छह मार्च को

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया प्रस्तावित कार्यक्रम 28 के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम गुरुवार को वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया। रेगुलर पीएचडी के 39 विषयों की प्रवेश परीक्षा पांच व छह मार्च को होगी। परीक्षा का समय सुबह 10.30 से 12 बजे तक और दोपहर में दो से 3.30 बजे तक रहेगा। प्रवेश पत्र 28 फरवरी के बाद जारी होंगे, जिसे अभ्यर्थी अपने लाग इन व पासवर्ड के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

लवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2022-23 के पीएचडी प्रवेश के लिए 19 फरवरी तक आनलाइन आवेदन फार्म भरने का मौका दिया था। पीएचडी रेगुलर के 39 विषयों में 6672 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि रेगुलर कोर्स में 1231 और पार्ट टाइम कोर्सों की 50 सीटें निर्धारित की गई हैं।

सबसे ज्यादा इन विषयों में सीटें : रेगुलर पीएचडी के लिए कई विषय ऐसे हैं, जिनमें ज्यादा अभ्यर्थियों को प्रवेश का मौका मिलेगा। इनमें शिक्षा शास्त्र विषय में 145, जंतु विज्ञान 139, भौतिक विज्ञान विषय में 125 सीटें हैं। हिन्दी में 103, रसायन विज्ञान में 98 व समाजशास्त्र 59 सीटें निर्धारित हैं।

ये है प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा की तिथि

पांच मार्च : सुबह की पाली 10.30 से 12 बजे तक-हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, बायोकेमिस्ट्री, इंग्लिश, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलाजी, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री।

शाम की पाली : दो से 3.30 बजे- स्टेटिस्टिक्स, जाग्राफी, पालीटिकल साइंस, लाइब्रेरी एंड इंफारमेशन साइंस, फिजिक्स, जूलाजी, संस्कृत, एप्लाइड इकोनामिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर।

छह मार्च : सुबह की पाली- सुबह की पाली 10.30 से 12 बजे तक-एजुकेशन, एआइएच, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच, ला, जियोलाजी, लिंग्विस्टक्स, इकोनामिक्स, फाइन आर्ट्स (पेंटिंग)।

शाम की पाली : दो से 3.30 बजे : कामर्स, फिलासफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलाजी, बाटनी, मिडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स, फिजिकल एजुकेशन।

सीयूईटी से विश्वविद्यालयों में दाखिले का दायरा बढ़ेगा

जासं, लखनऊ : इस बार उच्च शिक्षण संस्थानों में सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) से दाखिले का दायरा बढ़ेगा। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अलावा राज्य विश्वविद्यालय भी इसके माध्यम से प्रवेश लेंगे। यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को इसके माध्यम से स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए कहा है। इसके बाद लखनऊ के उच्च शिक्षण संस्थानों में इसकी तैयारी लेने लगी है। हालांकि कुछ विश्वविद्यालय असमंजस में भी हैं कि वह प्रवेश परीक्षा कराए या सीयूईटी से प्रवेश दिलाएं।

पिछले सत्र में बाबा साहेब भीमराम अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में सीयूईटी से प्रवेश हुए थे। डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के कुछ कोर्स में सीयूईटी के अंक के आधार पर प्रवेश हुए थे। लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कालेजों ने प्रवेश परीक्षा से प्रवेश लिया गया था। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (केएमसी) भाषा विश्वविद्यालय में मेरिट से प्रवेश लिए गए थे। अब यूजीसी के निर्देश के बाद केएमसी के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि प्रोफेशनल कोर्स में पिछली बार जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) से 50 फीसद सीटों पर प्रवेश हुए, शेष पर प्रवेश परीक्षा हुई। इस बार सीयूईटी को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया तय करने के लिए प्रवेश समिति गठित हो रही है। जो इस पर निर्णय लेगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 12 मार्च तक आवेदन की अंतिम तिथि है।

लवि खुद कराएगा टेस्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय का कहना है कि पिछले साल की तरह आगामी सत्र में भी कैंपस में एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर प्रवेश लिया जाएगा। सीयूईटी के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया अभी नहीं होगी।

प्राचार्य सहित 20 शिक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्वविवेकाधीन योजना के तहत डिग्री कालेजों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर हुई नियुक्तियों पर अंतिम अनुमोदन दे दिया है। कुलसचिव संजय मेधवी की ओर से जारी पत्र के मुताबिक सेंट्रल पब्लिक स्कूल फार गर्ल्स शारदा नगर में बीएलएड पाठ्यक्रम में 10, बीएड में सात असिस्टेंट प्रोफेसर, डा. आशा स्मृति महाविद्यालय विनहट, देवा रोड को बीए भूगोल एवं साइंस पाठ्यक्रम के लिए दो असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति का अंतिम अनुमोदन जारी कर दिया गया। इसके अलावा गौरी शंकर शिवा देवी मेमोरियल डिग्री कालेज हरदोई में स्वविवेकाधीन योजना के तहत प्राचार्य पद पर डा. राम सागर वर्मा की नियुक्ति के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन दे दिया गया। नियमित शिक्षकों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी जारी की गई है।

i-NEXT PAGE 4

5 और 6 को पीएचडी के एंट्रेंस एग्जाम

एलयू ने गुरुवार को जारी किया पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल

LUCKNOW (23 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी 5 और 6 मार्च को पीएचडी रेगुलर प्रोग्राम 2022-23 का एंट्रेंस टेस्ट कराएगा. गुरुवार को एलयू ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया. एंट्रेंस टेस्ट सुबह और दोपहर की पाली में होगा. इस साल पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 39 विषयों की परीक्षा में 6,672 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे.

5 मार्च को होगी 19 विषयों

6 मार्च को 20 विषयों की परीक्षा

सुबह की पाली में एजुकेशन, एआईएच, ओरियंटल संस्कृत, फ्रेंच, लॉ, जियोलॉजी, लिंग्विस्टिक, इकोनॉमिक्स व फाइन आर्ट्स, जबकि दूसरी पाली में कॉमर्स, फिलॉसफी, डिफेंस स्टडीज, साइकॉलजी, बॉटनी, मेडिवल व मॉडर्न हिस्ट्री, केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स व फिजिकल एजुकेशन का पेपर होगा. कैडीडेट 28 फरवरी के बाद एलयू की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं.

की परीक्षा

सुबह की पाली में 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, बायोकेमिस्ट्री, इंग्लिश, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलॉजी, होमसाइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री का एग्जाम होगा. वहीं, दोपहर की पाली में दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक स्टेटिसटिक्स, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, लाइब्रेरी एंड इंफर्मेशन साइंस, फिजिक्स, सोशियॉलोजी, जूलॉजी, संस्कृत, अप्लाइड इकॉनमिक्स, अरबिक एंड अरब कल्चर की परीक्षा होगी.

लवि : परीक्षा केंद्र पर मोबाइल लेकर पहुंचे परीक्षार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं के दौरान केंद्रों पर मोबाइल लाने पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है। फिर भी काफी परीक्षार्थी गुरुवार को सुबह की पाली में मोबाइल व बैग लेकर पहुंच गए। परीक्षा कक्ष के गेट पर प्रायटोरियल बोर्ड ने चेकिंग की तो उनके पास मोबाइल मिले, जिन्हें बाहर रखवा दिया गया। उसके बाद परीक्षा कक्षों में चेतावनी दी गई कि अगली परीक्षाओं में कोई मोबाइल लेकर न आए। अन्यथा जब्त कर लिया जाएगा।

लवि एवं महाविद्यालयों में गुरुवार को बीए, बीकाम, बीकाम आनर्स, बीबीए, बीबीए आइबी व बीबीए एमएस पांचवें सेमेस्टर के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शुरू हुई। सुबह की पाली में कैंपस में न्यू कामर्स ब्लाक में करीब 900 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। कइयों के पास मोबाइल था, जिन्हें चेकिंग के दौरान बाहर रखवा दिया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय ने परीक्षार्थियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इसे लेकर न आएं।

> नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर पूरी सख्ती की जा रही है। प्रायटोरियल बोर्ड लगातार दौरा भी कर रहा है। मोबाइल लाने वाले परीक्षार्थियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इसे लेकर न आएं।
>
> **प्रो. राकेश द्विवेदी**, चीफ प्रायटर, लवि

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति एवं अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने न्यू कामर्स और अटल ब्लाक के परीक्षा केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाएं देखीं।

दो नकलची पकड़े गए : स्नातक पांचवें सेमेस्टर, एलएलबी और एलएलएम की परीक्षाओं में 75,358 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें सबसे ज्यादा सुबह की पाली में 65,112 परीक्षार्थी और दूसरी पाली में 10,246 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान लवि द्वितीय परिसर से सुबह एक और पुराने परिसर में शाम को एक परीक्षार्थी नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया।

'आनंद के लिए अहंकार पर विजय पाना जरूरी'

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा भारतीय भाषा विभाग एवं हैप्पी थिंकिंग लैब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'स्वास्थ्य एवं आनंद' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आर्ट आफ लिविंग संस्था उत्तर प्रदेश के समन्वयक अनुराग सिंह ने जीवन जीने की पद्धति पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि साहित्य और अध्यात्म सगी बहने हैं। मानव अस्तित्व के सात स्तर हैं-शरीर, सांस, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और आनंद। आनंद के लिए मनुष्य को अपने अहंकार पर विजय प्राप्त करनी पड़ती है। अपने मन को नियंत्रित करने के लिए सांसों को विशेष रूप से संयमित करना होता है। उन्होंने कहा कि 'स्वास्थ्य एवं आनंद' मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। इस क्षेत्र में अनेक चुनौतियां हैं जिन्हें

लवि के हिंदी विभाग और हैप्पी थिंकिंग लैब के तत्वावधान में गुरुवार को हुई संगोष्ठी में आर्ट आफ लिविंग संस्था उत्तर प्रदेश के समन्वयक अनुराग सिंह ● सौजन्य से लवि

लवि की हैप्पी थिंकिंग लैब एवं हिन्दी तथा भारतीय भाषा विभाग के तत्वावधान में 'स्वास्थ्य एवं आनंद' विषय पर हुई संगोष्ठी

ध्यान, योग, उदात्त मानवीय मूल्य, सदाचार एवं अस्तित्व के भाव से जीता जा सकता हैं। मनोविज्ञान की प्रोफेसर एवं हैप्पी थिंकिंग लैब की संस्थापक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने वैज्ञानिक ढंग से शरीर और मन संबंधी तथ्यों से अवगत कराया। डा. वैशाली सक्सेना, विभागाध्यक्ष प्रो. रश्मि कुमार ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विभाग में अमृतलाल नागर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

टैगोर लाइब्रेरी में देखिए परीक्षा में टापर कैसे लिखते हैं

विवेक राय ● लखनऊ

हर विद्यार्थी की इच्छा रहती है कि वह परीक्षा में अच्छे अंक लेकर टापर बने, लेकिन इसमें से कुछ ही छात्र- छात्राओं को ही सफलता मिलती है। कई विद्यार्थी कठिन परिश्रम के बाद भी अच्छे अंक नहीं ले आ पाते हैं। ऐसे में वह यह सोचने लगते हैं कि शायद टापर कुछ अलग ही होते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा में टापर कैसे लिखते हैं, यह समझाने के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म बना है, जिसकी सहायता से अन्य विद्यार्थी भी परीक्षा में अच्छे अंक लाने से लेकर टापर्स की श्रेणी में आ सकते हैं। यह प्लेटफार्म है टापर्स कार्नर का। एक ऐसा कार्नर जहां पिछले सालों के टापरों की विषयवार और सेमेस्टर के हिसाब से कापियां रखीं गई हैं। इन कापियों को छात्र- छात्राएं देखकर परीक्षा में कैसे लिखना है, इसे जान जाते हैं।

विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं की परीक्षा शुरू हो गई है। इस समय टैगोर लाइब्रेरी में टापर्स कार्नर में छात्र- छात्राओं की उपस्थिति बढ़ गई है। टापर्स कार्नर को वर्ष 2017 से शुरू किया गया। यहां पर वर्ष 2016 से 2022 की परीक्षा में हर सेमेस्टर के टापर्स छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिका की मूल और फोटोकापी रखी गई है। छात्र-छात्राएं, उनकी कापियों को देख सकते हैं। इन कापियों की फोटो लेने या फोटो कापी कराने की अनुमति नहीं है। लाइब्रेरी के टेक्निकल वर्क समन्वयक डा. प्रवीश प्रकाश कहते हैं कि हर दिन 10 से 15 विद्यार्थी कापियों देखने आते हैं। परीक्षा के दौरान इनकी संख्या बढ़ जाती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर लाइब्रेरी में रखी गई टापर्स की कापियां व लाइब्रेरी में पढ़ते छात्र- छात्राएं ● जागरण

टापर्स की कापियों में ये खास है

- हर पेज पर स्पष्ट उत्तर।
- प्रश्न संख्या व खंड को क्रम से लिखना।
- केवल ब्लैक व ब्लू पेन का इस्तेमाल।
- उत्तर में काटिंग नहीं, शाब्दिक गलती नहीं।
- जरूरत के हिसाब से ग्राफ, चार्ट बनाना।
- लंबे, छोटे प्रश्नों के हिसाब से शब्द संख्या।
- मुख्य बिंदुओं को अंडरलाइन करना।
- एक प्रश्न के उत्तर के बाद दूसरे प्रश्न को लिखते समय जगह छोड़ना।

> टापर्स कार्नर में टापर की कापियां देखकर पता चलता है कि वह कितने अंक के प्रश्न का उत्तर किताने पेज में लिखते हैं, उनकी प्रस्तुति कैसी है। परीक्षा के लिहाज से यह बहुत ही उपयोगी है। इसके हिसाब से हम भी उत्तर लिखने का प्रयास करते हैं।
>
> **-आशीर्वाद**, बीकाम प्रथम सेमेस्टर

> 12वीं के बाद स्नातक में आने पर पता नहीं चलता कि विश्वविद्यालय की परीक्षा में कैसे लिखना है, कापी किताने पेज की होती है। प्रश्नों का उत्तर किताने पेज में लिखना है। पैटर्न कैसा है। इसकी जानकारी हो जाती है। छात्रों के लिए यह कार्नर बहुत जरूरी है।
>
> **-हर्षित मिश्रा**, बीकाम प्रथम सेमेस्टर

PIONEER PAGE 4

एलयू पीएचडी की प्रवेश परीक्षा पांच मार्च से प्रस्तावित

लखनऊ। लखनऊ विवि में पीएचडी रेगुलर सत्र 2022.23 में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा मार्च में होगी। प्रवेश परीक्षा पांच मार्च से शुरू होगी। दो पॉलियों में होने वाली परीक्षा छह मार्च को समाप्त होगी। दो दिन तक चलने वाली प्रवेश परीक्षा के जरिए 39 विषयों में दाखिले होंगे। इस परीक्षा में 6672 अभ्यर्थी शामिल होंगे। विवि प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है। अभी यह परीक्षा कार्यक्रम प्रस्तावित है। कोई समस्या है तो वह विवि प्रशासन के पास अपनी आपत्ति दाखिल कर सकता है। आपत्ति नहीं होने की स्थिति में यह परीक्षा कायक्रम अन्तिम माना जाएगा। प्रत्येक दिन दो पॉली होंगी। पहली पॉली सुबह 10.30 से 12 बजे तक और दूसरी पॉली दोपहर 2 से 3.30 बजे तक होगी। पांच मार्च को सुबह की पॉली में हिंदी, फ़ारसी, उर्दू, जीव रसायन, अंग्रेज़ी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलॉजी, गृह विज्ञान व पश्चिमी इतिहास की परीक्षा होगी। दूसरी पॉली में सांख्यिकी, भूगोल, राजनीति विज्ञान, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, भौतिक विज्ञान, समाज शास्त्र, जीव विज्ञान, संस्कृत, व्यावहारिक अर्थशास्त्र, अरबी और अरब संस्कृति की परीक्षा आयोजित होगी।

VoL PAGE 3, 6

लविवि में 5 व 6 को होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 5 और 6 मार्च को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। इसमें कुल 39 विषयों में परीक्षा देने के लिए 6672 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा दो पालियों में होगी।

इसकी जानकारी देते हुए गुरूवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह की पाली की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से 12 बजे तक होगी और शाम की पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 28 फरवरी के बाद अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 5 मार्च को पहली पाली में हिन्दी, परसीवन, उर्दू, बायोकेमेस्ट्री, इंग्लिश, बिजनेस एडमिस्ट्रेशन, एन्थ्रोपॉलिजी, होम साइंस और वेस्टर्न हिस्ट्री की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में स्टैटिक्स, जॉग्रफी, पॉलिटिकल साइंस, लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस, फीजिक्स, सोशलॉजी, जूलॉजी, संस्कृत, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, अरबिक एंड अरब कल्चर की होगी।

वहीं, 6 मार्च को पहली पाली में एजुकेशन, एआईएच, ओरियेंटल संस्कृत, फ्रेंच, लॉ, जियोलॉजी, लिंगविस्टिक्स, इकोनॉमिक्स, फाइन आर्टस (पेंटिंग) और दूसरी पाली में कामर्स, फिलोसफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलॉजी, बॉटनी, मिडविल एंड मार्डन हिस्ट्री, केमेस्ट्री, पब्लिक एडमिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स और फीजिकल एजुकेशन की परीक्षा होगी।



● 39 विषयों में 6672 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हिंदी वांग्मय निधि ने दिया वीसी केयर फंड में 10 हजार का योगदान

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। बीते दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी वांग्मय निधि ने प्रो. शैल नाथ चतुर्वेदी की स्मृति में एक पुस्तक सारस्वत परंपरा के संवाहक प्रो. शैल नाथ चतुर्वेदी का विमोचन किया था।

स्व. प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी के सुपुत्र आईपीएस डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी ने पुस्तक को लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को भेंट किया और वीसी केयर फंड में 10 हजार का योगदान दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से अभिप्रेरित वीसी केयर फंड हमारी संकल्पना है, जिसमें लविवि के जरूरतमंद छात्र-छात्राओ को आर्थिक सहायता दी जाती है। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन और एलुमनाई एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. अरूप चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

TRUE TIMES PAGE 2

हिन्दी वांग्मय निधि ने दिया वीसी केयर फंड में रू 10000/- का योगदान

टू टाइम्स संवाददाता

विगत दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी वांग्मय निधि ने प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी की स्मृति में एक पुस्तक 'सारस्वत परंपरा के संवाहक - प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी' का विमोचन किया था।

स्व प्रो शैल नाथ चतुर्वेदी के सुपुत्र डा अरविन्द चतुर्वेदी, आई पी एस ने उक्त पुस्तक को कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय को भेंट किया और वीसी केयर फंड में रू 10000/- (रू दस हजार) का योगदान दिया।

वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से अभिप्रेरित वीसी केयर फंड हमारी संकल्पना है जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओ को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन और एलुमनाई एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो अरूप चक्रवर्ती उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में पीएचडी (रेगुलर) की प्रवेश परीक्षा 5 और 6 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 के पी एच डी (रेगुलर) की प्रवेश परीक्षा की घोषणा कर दी है। पांच व छह मार्च को होने वाली इस प्रवेश परीक्षा को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में कुल 39 विषयों में 6672 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पी एच डी (रेगुलर) की प्रवेश परीक्षा पांच व छह मार्च को दो पालियों में होगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 28 फरवरी के बाद डाउनलोड कर सकते हैं।

TARUN MITRA PAGE 2, 12

वीसी केयर फंड में 10,000 का योगदान

लखनऊ, 23 फरवरी (तरुणमित्र)। विगत दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी वांग्मय निधि ने प्रो.शैलनाथ चतुर्वेदी की स्मृति में एक पुस्तक सारस्वत परंपरा के संवाहक प्रो. शैलनाथ चतुर्वेदी का विमोचन किया था। स्व. प्रो.शैलनाथ चतुर्वेदी के सुपुत्र डा. अरविन्द चतुर्वेदी, आईपीएस ने उक्त पुस्तक को कुलपति लविवि प्रो.आलोक कुमार राय को भेंट की तथा वीसी केयर फंड में 10,000 का योगदान दिया।

इस अवसर पर कुलपति ने वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से अभिप्रे